# महोबा पुलिस

दिनांक- 17.06.2026

प्रेस विज्ञप्ति संख्या- 213/26

## पुलिस अधीक्षक महोबा, श्री शशांक सिंह द्वारा पुलिस कार्यालय महोबा में वर्चुअल जनसुनवाई का आयोजन किया गया, फरियादियों की समस्याओं को सुनकर निस्तारण के दिए निर्देश।

- आज दिनांक 17.06.2026 को पुलिस अधीक्षक महोबा, श्री शशांक सिंह द्वारा पुलिस कार्यालय महोबा से गूगल मीट के माध्यम से वर्चुअल जनसुनवाई आयोजित की गई। इस पहल के अंतर्गत जनपद के समस्त पुलिस अधिकारी एवं थाना प्रभारी वर्चुअल माध्यम से सीधे जुड़कर जनसमस्याओं के समाधान में सहभागी बने।
- जनसुनवाई के दौरान विभिन्न क्षेत्रों से आये शिकायतकर्ताओं की समस्याओं को गंभीरता पूर्वक सुना गया तथा संबंधित थाना प्रभारियों से सीधे संवाद स्थापित कर प्रत्येक प्रकरण के त्वरित एवं प्रभावी निस्तारण हेतु स्पष्ट दिशा-निर्देश दिए गए।
- पुलिस अधीक्षक महोबा द्वारा निर्देशित किया गया कि सभी शिकायतों का निस्तारण पारदर्शी, गुणवत्तापूर्ण एवं समयबद्ध तरीके से सुनिश्चित किया जाए, जिससे आमजन को शीघ्र न्याय एवं राहत प्राप्त हो सके।
- साथ ही उन्होंने जनसमस्याओं के प्रति संवेदनशील दृष्टिकोण अपनाते हुए प्रत्येक स्तर पर प्रभावी एवं उत्तरदायी पुलिसिंग सुनिश्चित करने पर बल दिया।

महोबा पुलिस- समस्याओं का समाधान, पारदर्शिता के साथ



दिनांक- 17.06.2026

प्रेस विज्ञप्ति संख्या- 214/26

# महोबा पुलिस

## सर्किल नगर थाना कबरई

# थाना कबरई पुलिस टीम ने वारण्टी अभियुक्त को किया गिरफ्तार।

पुलिस अधीक्षक महोबा श्री शशांक सिंह के कुशल निर्देशन में एवं अपर पुलिस अधीक्षक महोबा श्रीमती वंदना सिंह के पर्यवेक्षण तथा क्षेत्राधिकारी नगर श्री रविकांत गोंड के नेतृत्व में वारण्टी/वांछित अभियुक्तों की गिरफ्तारी हेतु चलाए जा रहे अभियान के क्रम में थाना कबरई पुलिस टीम को महत्वपूर्ण सफलता प्राप्त हुई।

उक्त क्रम में प्रभारी निरीक्षक थाना कबरई श्री संतोष कुमार सिंह द्वारा गठित टीम उ0नि0 श्री गौरव चौबे मय हमराह रि0आ0 नमन दुबे द्वारा आज दिनांक 17.06.2026 को एक नफर वारंटी अभियुक्त राजू नट पुत्र मुल्लू नट, उम्र लगभग 40 वर्ष, निवासी मुहल्ला सुभाष नगर थाना कबरई जनपद महोबा को सम्बन्धित मु0नं0 771/13, अ0स0 1285/12 धारा 457/380 आईपीसी, न्यायालय सीजेएम महोबा से संबंधित प्रकरण में वहद मु0 सुभाष नगर कस्बा व थाना कबरई से नियमानुसार गिरफ्तार किया गया। गिरफ्तारी के उपरांत आवश्यक विधिक कार्यवाही करते हुए अभियुक्त को माननीय न्यायालय के समक्ष पेशी हेतु भेजा गया।

**गिरफ्तार अभियुक्त**

राजू नट पुत्र मुल्लू नट, उम्र 40 वर्ष, निवासी मुहल्ला सुभाष नगर थाना कबरई जनपद महोबा

**गिरफ्तार करने वाली पुलिस टीम-**

1. उ0नि0 गौरव चौबे
2. रि0आ0 नमन दुबे



दिनांक- 17.06.2026

प्रेस विज्ञप्ति संख्या- 215/26

# महोबा पुलिस

## योग दिवस सप्ताह के अवसर पर पुलिस लाइन महोबा में सामूहिक योगाभ्यास का आयोजन, अधिकारियों/कर्मचारियों को किया गया जागरूक।

पुलिस अधीक्षक महोबा श्री शशांक सिंह के आदेशानुसार आज दिनांक 17 जून 2026 को रिजर्व पुलिस लाइन महोबा के परेड ग्राउंड में योग दिवस सप्ताह के अवसर पर एक विशेष योग प्रशिक्षण कार्यक्रम का आयोजन किया गया।

इस अवसर पर पुलिस कार्यालय, जे0टी0सी0, पुलिस लाइन, परिवहन शाखा तथा यातायात शाखा के अधिकारी एवं कर्मचारीगण उपस्थित रहे। कार्यक्रम के दौरान प्रशिक्षित योग प्रशिक्षकों द्वारा विभिन्न योगासन, प्राणायाम एवं ध्यान संबंधी अभ्यासों का विधिवत प्रशिक्षण प्रदान किया गया।

कार्यक्रम में उपस्थित सभी अधिकारी/कर्मचारियों को योग के महत्व के बारे में विस्तार से जानकारी दी गई। बताया गया कि योग भारत की एक प्राचीन एवं अमूल्य सांस्कृतिक धरोहर है, जिसे आज वैश्विक स्तर पर व्यापक रूप से अपनाया जा चुका है। योग केवल शारीरिक व्यायाम तक सीमित नहीं है, बल्कि यह मानसिक, शारीरिक एवं आत्मिक संतुलन स्थापित करने का प्रभावी माध्यम है।

आज की तेज़ रफ्तार एवं तनावपूर्ण जीवनशैली में योग का नियमित अभ्यास तनाव मुक्ति, मानसिक शांति, एकाग्रता एवं कार्यक्षमता में वृद्धि के लिए अत्यंत आवश्यक है। इस दौरान सभी को प्रेरित किया गया कि वे योग को अपने दैनिक जीवन का अभिन्न हिस्सा बनाएं, जिससे स्वस्थ जीवनशैली को बढ़ावा मिल सके।

कार्यक्रम का समापन सामूहिक योगाभ्यास एवं स्वस्थ जीवन के संकल्प के साथ किया गया।



दिनांक- 17.06.2026

प्रेस विज्ञप्ति संख्या- 216/26

# महोबा पुलिस

## सर्किल नगर थाना खन्ना

# थाना खन्ना पुलिस टीम ने 02 नफर वारण्टी अभियुक्तों को किया गिरफ्तार।

पुलिस अधीक्षक महोबा श्री शशांक सिंह के कुशल नेतृत्व में, अपर पुलिस अधीक्षक महोबा श्रीमती वंदना सिंह के निर्देशन तथा क्षेत्राधिकारी नगर श्री रविकांत गोंड के पर्यवेक्षण में एवं थानाध्यक्ष थाना खन्ना के नेतृत्व में वांछित/वारंटी अभियुक्तों की गिरफ्तारी हेतु चलाए जा रहे अभियान के क्रम में थाना खन्ना पुलिस टीम को महत्वपूर्ण सफलता प्राप्त हुई।

आज दिनांक 17.06.2026 को उप निरीक्षक मौजीलाल वर्मा मय हमराह उप निरीक्षक नरोत्तम सिंह द्वारा 01 नफर वारंटी अभियुक्त संतोष पुत्र ढिल्लू चमार, निवासी ग्राम लदार थाना बिवार जिला हमीरपुर (हाल पता ग्राम चन्द्र पुरवा थाना भरुवा सुमेरपुर जनपद हमीरपुर) को सम्बन्धित मु0अ0सं0 254/2005 धारा 147/148/149/307/302 भा.दं.सं. व 3(2)5 एससी/एसटी अधिनियम के अंतर्गत नियमानुसार गिरफ्तार किया गया।

इसी क्रम में उप निरीक्षक सुरेश कुमार यादव मय हमराह उप निरीक्षक वीर प्रताप सिंह द्वारा 01 नफर वारंटी अभियुक्त शिवलाल पुत्र गरीबा धोबी, निवासी ग्राम ग्योडी थाना खन्ना जनपद महोबा, उम्र करीब 56 वर्ष को सम्बन्धित मु0अ0सं0 173/05 धारा 25 आर्म्स एक्ट, वाद संख्या 652/06 के अंतर्गत ग्राम ग्योडी से नियमानुसार गिरफ्तार किया गया। गिरफ्तारी के उपरांत आवश्यक विधिक कार्यवाही करते हुए अभियुक्तगण को माननीय न्यायालय के समक्ष पेश किया गया।

**गिरफ्तार अभियुक्त-**

1. संतोष पुत्र ढिल्लू चमार निवासी ग्राम लदार थाना बिवार जिला हमीरपुर (हाल पता ग्राम चन्द्र पुरवा थाना भरुवा सुमेरपुर जनपद हमीरपुर)
2. शिवलाल पुत्र गरीबा धोबी निवासी ग्राम ग्योडी थाना खन्ना जनपद महोबा, उम्र करीब 56 वर्ष

**गिरफ्तार करने वाली पुलिस टीम (प्रथम)**

1.उ0नि0 मौजीलाल वर्मा

2.उ0नि0 नरोत्तम सिंह

**गिरफ्तार करने वाली पुलिस टीम (द्वितीय)**

1.उ0नि0 सुरेश कुमार यादव

2.उ0नि0 वीर प्रताप सिंह





दिनांक- 17.06.2026

प्रेस विज्ञप्ति संख्या- 218/26

# महोबा पुलिस

## सर्किल चरखारी, थाना चरखारी

## महोबा पुलिस की तत्पर कार्यवाही से दो गुमशुदा महिलाएं सकुशल बरामद, वैधानिक कार्यवाही उपरांत परिजनों के सुपुर्द...।

जनपद महोबा में गुमशुदा व्यक्तियों की तलाश एवं उनकी सकुशल बरामदगी हेतु प्रभावी अभियान “ऑपरेशन खोज” निरंतर संचालित किया जा रहा है। इसी क्रम में पुलिस अधीक्षक महोबा श्री शशांक सिंह के कुशल नेतृत्व में, अपर पुलिस अधीक्षक महोबा श्रीमती वंदना सिंह के निर्देशन तथा क्षेत्राधिकारी चरखारी श्री दीपक दुबे के पर्यवेक्षण में थाना चरखारी पुलिस टीम द्वारा सराहनीय कार्य करते हुए आज दिनांक 17.06.2026 को दो गुमशुदा महिलाओं को सकुशल बरामद किया गया।

थाना चरखारी पर पंजीकृत गुमशुदगी क्रमांक 09/2026 से संबंधित संतोषी पुत्री सियाराम, उम्र करीब 20 वर्ष, निवासी ग्राम बमरारा थाना चरखारी जनपद महोबा, जो कुछ समय से गुमशुदा चल रही थी, को थाना चरखारी पुलिस टीम द्वारा सकुशल बरामद किया गया।

इसी प्रकार गुमशुदगी क्रमांक 17/2026 से संबंधित शिवांगी उर्फ शिवानी पत्नी आशुतोष, उम्र करीब 22 वर्ष, निवासी ग्राम धवारी थाना खरेला जनपद महोबा, को थाना चरखारी पुलिस टीम द्वारा सकुशल बरामद किया गया।

बरामदगी के उपरांत दोनों गुमशुदा महिलाओं के परिजनों को तत्काल सूचित किया गया तथा आवश्यक वैधानिक कार्यवाही पूर्ण कर दोनों को थाना हाजा से ससम्मान परिजनों के सुपुर्द/रुखसत किया गया।

गुमशुदा महिलाओं की सकुशल बरामदगी पर परिजनों द्वारा महोबा पुलिस की तत्परता, संवेदनशीलता एवं प्रभावी कार्यवाही की भूरी-भूरी प्रशंसा की गई।

**बरामदगी करने वाली पुलिस टीम-**

**प्रथम पुलिस टीम-**

1.उ0नि0 भगवानदीन
2.म0कां0 प्राची सिंह

**द्वितीय पुलिस टीम-**

1.उ0नि0 हार्दिक सिंह
2.कां0 लोकेन्द्र सिंह 3.म0कां0 दीपाली मिश्रा


